# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 173/2025

## राज्य के इण्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं इण्टरमीडिएट सत्र 2025–27 में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के संबंध में आवश्यक सूचना

राज्य के इण्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में सत्र 2025–27 में इण्टरमीडिएट कक्षा में Online Facilitation System For Students (OFSS) प्रणाली से नामांकन हेतु समिति द्वारा दिनांक 04.06.2025 को प्रथम चयन सूची जारी की गयी थी। इसी क्रम में समिति द्वारा दिनांक 15.07.2025 को द्वितीय चयन सूची तथा दिनांक 28.07.2025 को तृतीय चयन सूची जारी की गयी। तृतीय चयन सूची के तहत नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् **दिनांक 04.08.2025** को स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की प्रक्रिया शुरू की जायेगी, जिसके माध्यम से विद्यार्थी संबंधित इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान में रिक्त सीटों पर स्पॉट नामांकन ले पायेंगे।

**2. स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु निम्नांकित तीन श्रेणी के विद्यार्थी हो सकते हैं :–**

**(क)** वैसे विद्यार्थी, जिनका चयन किसी भी चयन सूची में नहीं हुआ है, अथवा

**(ख)** वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने अभी तक OFSS के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन नहीं दिया है, अथवा

**(ग)** वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने OFSS के माध्यम से चयन सूची में आवंटित शिक्षण संस्थान में चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिए हैं।

**3. स्पॉट नामांकन हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जायेगी :–**

**(क) वैसे आवेदकों के लिये, जिनका चयन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची में किसी इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान में नहीं हुआ है, के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) लेने हेतु आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रिया :–**

ऐसे विद्यार्थी, जिनका चयन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची में किसी इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान में नहीं हो सका है, वे जिस संस्थान में नामांकन लेना चाहते हैं उस संस्थान में **दिनांक 04.08.2025** को OFSS वेबसाईट पर जाकर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के रिक्त सीटों की विवरणी देख लें। जिस संस्थान में वे नामांकन लेना चाहते हैं, उस संस्थान से सम्पर्क कर रिक्त सीटों के विरूद्ध स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर लें। स्पॉट नामांकन हेतु रिक्त सीटों की संख्या **दिनांक 04.08.2025** को OFSS वेबसाईट **https://ofssbihar.net** पर Upload कर दी जायेगी, जिसके आधार पर संबंधित संस्थान में **दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक** स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु ऑनलाईन आवेदन लिया जायेगा। **इसके लिये विद्यार्थियों को निम्नांकित कार्रवाई करनी होगी :–**

**(i)** वे जिस संस्थान में नामांकन लेना चाहते हैं, उसके संबंध में सर्वप्रथम OFSS वेबसाईट पर जाकर उस शिक्षण संस्थान/संकाय के रिक्त सीटों की संख्या देख लें।

**(ii)** उसके पश्चात् OFSS वेबसाईट पर अपना Barcode/Reference Number एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु अपना आवेदन पत्र का प्रिंट आउट कर लें।

**(iii)** तत्पश्चात् वे जिन–जिन शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु फार्म जमा करना चाहते हैं, उसकी हस्ताक्षरित प्रति उन संस्थानों में **दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक** जमा कर दें।

**(iv)** आवेदन जमा करने के पश्चात् संबंधित संस्थानों द्वारा आवेदन की जाँच करके स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की सूची **दिनांक 06.08.2025** को संबंधित शिक्षण संस्थान में प्रकाशित की जायेगी।

**(v)** उसके पश्चात् जिस संस्थान में उनका नामांकन हेतु चयन होगा, उसमें उन्हें **दिनांक 06.08.2025 से 10.08.2025** के दौरान जाकर नामांकन ले लेना होगा।

**(vi)** नामांकन लेने के पश्चात् संबंधित शिक्षण संस्थान द्वारा OFSS पोर्टल में नामांकन को **दिनांक 11.08.2025 तक** Update किया जायेगा।

**(vii)** ऐसे आवेदकों को पुनः कोई आवेदन शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

**(ख) वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने अबतक OFSS के माध्यम से नामांकन हेतु आवेदन पत्र (Application Form) नहीं भरा है, के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) लेने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रिया :–**

ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने अब तक OFSS के माध्यम से नामांकन हेतु आवेदन पत्र नहीं भरा है, उन विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अगर वे इण्टरमीडिएट कक्षा (2025–27) में नामांकन हेतु इच्छुक हैं, तो OFSS वेबसाईट पर अपना निबंधन स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु करा लें। इसके लिये वैसे विद्यार्थी OFSS पोर्टल पर **दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक** रजिस्ट्रेशन कराकर ऑनलाईन आवेदन पत्र (CAF) भर सकते हैं।

**(A) ऑनलाईन आवेदन भरने के पहले निम्नलिखित जानकारी अपने पास रखें :–**

- अगर आवेदक ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से दसवीं की परीक्षा उतीर्ण की है, तो उन्हें समिति द्वारा निर्गत यूनिक आई0डी0, दसवीं परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि सुरक्षित रखना होगा। यदि यूनिक आई0डी0 से ऑनलाईन डेटा प्रदर्शित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित करना होगा। इस प्रकार ऑनलाईन इंट्री करने पर आवेदक को उनके सामान्य आवेदन प्रपत्र **(CAF)** में अन्य सभी विवरणी और अंक विवरणी इत्यादि कम्प्यूटर स्क्रीन पर स्वतः दिखायी देगा।
- यदि विद्यार्थी ने वर्ष 2021 या उससे पहले मैट्रिक की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से या इसके समकक्ष किसी अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण की है तो अपना प्राप्तांक तैयार रखें।
- विद्यार्थी अपना पासपोर्ट साईज फोटो की स्कैन कॉपी कम्प्यूटर में तैयार रखें, ताकि सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) भरते समय जब आवश्यकता हो तो उसे Upload किया जा सके।
- मोबाईल नम्बर
- ई–मेल

**(B) आवेदन भरने की प्रक्रिया :–**

**(i)** आवेदनकर्त्ता जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र अथवा अपने घर पर Computer या किसी अन्य स्थान जहाँ Computer में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो, वहाँ से ऑनलाईन आवेदन पत्र (CAF) भर सकते हैं।

**(ii)** स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF) पर क्लिक करें।

**(iii)** दिये गये दिशा–निदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**(iv)** Check Box और उसके उपरान्त "I Accept" पर क्लिक करने के बाद नियम एवं शर्तों को स्वीकार करें।

**(v)** इसके बाद सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF) आपके कम्प्यूटर पर खुल जायेगा।

**(vi)** यदि विद्यार्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से मैट्रिक की परीक्षा 2022 से 2025 में उत्तीर्ण की है तो उसे उत्तीर्ण होने का प्राप्तांक एवं अन्य विवरणी स्वतः आवेदन प्रपत्र में अंकित हो जायेंगे।

**(vii)** अगर आवेदक ने वर्ष 2021 या उसके पहले बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या अन्य बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है तो यह आवश्यक है कि सामान्य आवेदन प्रपत्र में जो जानकारी माँगी गयी है उसे वे भरें।

**(viii)** सभी जानकारियों को एक बार भर लेने के बाद आवेदक को अपना फोटो सामान्य आवेदन प्रपत्र में Upload करना है। फोटो Upload करना आवश्यक है।

**(ix)** एक बार जब विद्यार्थी ने सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) भर दिया हो तो कृपया एक बार फिर उसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि अगर कोई गलती हुई है तो उसका पता चल सके। आवेदन में दिया गया पूरा विवरण अगर विद्यार्थी को सही लगता है तो Submit बटन क्लिक करें।

**(x)** इसके उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर भरे हुये आवेदन का Preview दिखायी देगा।

**(xi)** तदोपरांत भरे हुये आवेदन की दोबारा जाँच कर लें। अगर आवेदन प्रपत्र में सभी जानकारियाँ को विद्यार्थी सही पाते हैं तो Confirm बटन को क्लिक करें। अगर भरी गयी जानकारियों को वे सही नहीं पाते हैं तो Modify बटन को क्लिक करें।

**(xii)** Modify बटन को क्लिक करने पर सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) पुनः दिखाई देगा। इसे देखकर उसमें भरी हुई उन जानकारी को शुद्ध कर सकते हैं जिसे विद्यार्थी सुधारना चाहते हैं। इसके बाद वे Confirm बटन को क्लिक करें।

**(xiii)** Confirm बटन को क्लिक करने के बाद विद्यार्थी के निबंधित मोबाईल नम्बर पर एक One Time Password (OTP) प्राप्त होगा।

**(xiv)** System में OTP को अंकित करें और इसके उपरान्त आपका मोबाईल नम्बर सुनिश्चित हो जायेगा।

**(xv)** एक बार मोबाईल नम्बर सुनिश्चित हो जाने के बाद आपको रू0 350/– का भुगतान करने का निर्देश मिलेगा। यह रू0 350/– का भुगतान आवेदन शुल्क होगा। यह भुगतान आप ऑनलाईन माध्यम **(Debit Card, Credit Card एवं Net Banking)** से कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो आप यह भुगतान ई–चालान के माध्यम से भी कर सकते हैं। ई–चालान के माध्यम से अगर आप भुगतान करना चाहते हैं तो इसके लिए आवश्यक होगा कि चालन की मुद्रित प्रति लेकर इसे अपने नजदीकी निर्धारित HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जमा करें।

**(xvi)** सफलतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित हो जाने के बाद यह व्यवस्था आपके द्वारा भरे गये आवेदन से संबंधित एक प्राप्ति प्रति (Acknowledgment Copy) जारी करेगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि यह मुद्रित प्राप्ति प्रति (Acknowledgment Copy) निकाल कर रख लें ताकि भविष्य में यह उनके काम आ सके।

**(xvii)** सफलतापूर्वक आवेदन प्रपत्र भरे जाने के पश्चात् विद्यार्थी को उनके निबंधित मोबाईल एवं ई–मेल पर User ID और Password मिलेगा।

**(xviii)** **कृपया ध्यान दें :** रू0 350/– के आवेदन शुल्क जमा नहीं होने पर आपका आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत समझा जायेगा। अतः यह आवश्यक है कि आवेदन शुल्क निश्चित रूप से जमा किया जाए।

**(xix)** तत्पश्चात् वे जिन–जिन संस्थानों में नामांकन हेतु फार्म जमा करना चाहते हैं, उसकी हस्ताक्षरित प्रति उन संस्थानों में **दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक** जमा कर दें।

**(xx)** आवेदन जमा करने के पश्चात् संबंधित संस्थानों द्वारा आवेदन की जाँच करके स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की सूची **दिनांक 06.08.2025** को संबंधित संस्थान में प्रकाशित की जायेगी।

**(xxi)** उसके पश्चात् जिस संस्थान में उनका नामांकन हेतु चयन होगा उसमें उन्हें **दिनांक 06.08.2025 से 10.08.2025** के बीच में जाकर नामांकन ले लेना होगा।

**(xxii)** नामांकन लेने के पश्चात् संबंधित संस्थान द्वारा OFSS पोर्टल में नामांकन को **दिनांक 11.08.2025 तक** Update किया जायेगा।

**(ग) वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने OFSS के माध्यम से जारी चयन सूची में चयनित होने के बावजूद नामांकन नहीं लिया था :–**

ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने प्रथम चयन सूची (First Selection List), द्वितीय चयन सूची (Second Selection List) अथवा तृतीय चयन सूची (Third Selection List) में चयन होने के बावजूद नामांकन नहीं लिया था, उन विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि चयन होने के बाद भी नामांकन नहीं लेने के कारण उनका अभ्यर्थीत्व रद्द कर दिया गया है। इस आशय की सूचना पूर्व के विज्ञप्तियों में भी दी गयी थी। अतएव ऐसे विद्यार्थी यदि पुनः किसी संस्थान में नामांकन लेना चाहते हैं तो उक्त कंडिका 3 (ख) के अनुसार पुनः OFSS पोर्टल पर नया आवेदन पत्र भर सकते हैं। शेष प्रक्रिया उक्त कंडिका 3 (ख) के अनुसार होगी।

**4. स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के माध्यम से नामांकन लेने हेतु संबंधित संस्थानों के प्रधानाध्यापकों/प्राचार्य के लिये दिशा–निदेश :–**

ऐसे संस्थान जिनमें तृतीय चयन सूची में चयनित विद्यार्थियों के नामांकन के पश्चात् सीटें रिक्त रह गयी हैं, **वैसे संस्थान स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायेंगे।**

**(i)** स्पॉट नामांकन (Spot Admission) प्रक्रिया रिक्त सीटों के विरूद्ध की जानी है, रिक्त सीटों की सूची OFSS Portal पर **दिनांक 04.08.2025** से देखी जा सकती है।

**(ii)** संबंधित प्रधानाध्यापकों/प्राचार्यों को स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के आवेदन पत्र को प्राप्त करने हेतु संस्थान में **दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक** पर्याप्त काउन्टर की व्यवस्था करनी होगी, जहाँ पर आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् संबंधित संस्थान द्वारा पावती रसीद संबंधित आवेदक को दी जायेगी। स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु आवेदक **दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक** संबंधित संस्थान में आवेदन जमा कर पायेंगे।

**(iii)** आवेदन जमा करने के पश्चात् संबंधित संस्थान **दिनांक 06.08.2025** को स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की चयन सूची प्रकाशित करेंगे एवं उसकी प्रति विद्यार्थियों की सूचना हेतु सूचना पट पर भी प्रदर्शित करेंगे।

**(iv)** जिन विद्यार्थियों का चयन स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के माध्यम से संबंधित संस्थान में होगा, उनका नामांकन संबंधित संस्थान द्वारा **दिनांक 06.08.2025 से 10.08.2025 तक** लिया जा सकेगा।

**(v) नामांकन कराने के पश्चात् संबंधित संस्थानों को नामांकित विद्यार्थियों की सूची OFSS पोर्टल पर दिनांक 11.08.2025 तक अवश्य ही Update किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरतापूर्वक लिया जायेगा तथा ऐसे संस्थानों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।**

**5.** इण्टरमीडिएट सत्र 2025–27 स्पॉट नामांकन के इच्छुक आवेदनकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि OFSS वेबसाईट **https://ofssbihar.net** के अलावा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा तैयार किये गये OFSS Bihar Info नामक Mobile APP से भी +2 में नामांकन संबंधी विविध सूचनाएँ प्राप्त की जा सकती है। Mobile APP के लिए विद्यार्थियों को Google Play Store से OFSS Bihar Info नामक APP डाउनलोड करना होगा। इस एप (OFSS Bihar Info) को डाउनलोड करने के पश्चात् विद्यार्थी अपने मोबाईल में User ID एवं Password से Login करेंगे। लॉगिन करने हेतु यूजर आई0डी0 Tab पर अपना मोबाईल संख्या अंकित करना होगा एवं मोबाईल पर पूर्व में प्राप्त पासवर्ड को Tab पर दर्ज करने के बाद विद्यार्थी नामांकन संबंधी सामान्य आवेदन पत्र (CAF), सूचना प्रपत्र (Intimation Letter), इत्यादि नामांकन संबंधी सूचना देख सकते हैं।

**नोट :– (1)** स्पॉट नामांकन के तहत नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् OFSS वेबसाईट **दिनांक 12.08.2025** से बन्द कर दिया जायेगा।

**(2)** OFSS के माध्यम से नामांकित विद्यार्थियों का ही पंजीयन 11वीं कक्षा हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा किया जायेगा एवं पंजीकृत विद्यार्थी ही वर्ष 2027 की 12वीं/+2 वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

**6.** उक्त प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर समिति के **हेल्पडेस्क दूरभाष संख्या– 0612–2230009** पर सम्पर्क किया जा सकता है। **संयुक्त सचिव (OFSS)**